एक नजर में

## खेतों से हो रहे मोटर पंप, केबल,स्टार्टर चोरी

**मुलताई।** थाना क्षेत्र के ग्राम साडिया के आसपास स्थित खेतो में लगे किसानो के मोटर पंप, केबल, स्टार्टर एवं पाईप चोरी की घटनाए लगातार हो रही है। चोरी की घटनाओ से परेशान किसानो ने शुक्रवार को साडिया के सरपंच यादोराव बर्डे के साथ मुलताई थाना पहुंचकर थाना प्रभारी को आवेदन सौपकर कार्रवाई की मांग की है। किसानो का कहना है ग्राम सॉडिया में बीते कई दिनो से उनके खेतों से रात्रि में मोटर पंप केबल,स्टार्टर, पाईप अन्य सामान चोरी हो रहा है। चोरो ने ग्राम पंचायत साडिया की नल जल योजना में लगे करीब 300 फुट केबल चोरी कर ले गए,सरपंच यादोराव बर्डे नें कहा कि पुलिस का रात्रि गश्त बढाई जाना चाहिए जिससे चोरियों की घटनाओ पर रोक लग सके। थाना प्रभारी ने किसानो को रात्रि गश्त बढाए जाने का आश्वासन दिया है।

## शैलेन्द्र वर्मा बने संभाग अध्यक्ष

**बैतूल।** राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं आरटीआई जागरूकता संगठन भारत के बैतूल जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र वर्मा को संभाग अध्यक्ष नर्मदापुरम के पद पर नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांगेश कुमार भाटी द्वारा की गई। यह पदोन्नति मध्य प्रदेश संरक्षक डॉ. मनोज बात्री एवं राष्ट्रीय संगठन महामंत्री राकेश गहलोत (इंदौर) की अनुशंसा पर की गई। शैलेन्द्र वर्मा द्वारा विगत दो वर्षों से संगठन के प्रति निष्ठा, ईमानदारी एवं गरीब-असहायों की मदद के लिए किए गए कार्यों को देखते हुए संगठन ने उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है। श्री वर्मा की संभाग अध्यक्ष पदोन्नति पर जिला बैतूल संगठन मंत्री कन्हैयालाल चौकीकर, राजेश चढ़ोकर, विशाल वर्मा, जिला संरक्षक देवेंद्र राठौर सहित बैतूल जिले के समस्त पदाधिकारियों, जिला सिवनी एवं जिला बालाघाट के समस्त संगठन पदाधिकारियों ने हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी। सभी पदाधिकारियों ने आशा व्यक्त की कि शैलेन्द्र वर्मा के कार्यों को देखते हुए उन्हें शीघ्र ही प्रदेश अध्यक्ष (मेन सेल) जैसे महत्वपूर्ण पद की जिम्मेदारी भी सौंपी जा सकती है।

## सिमोरी में निकली जनजागरुकता रैली

**बैतूल।** मध्यप्रदेश शासन के आनंद विभाग के अंतर्गत राज्य आनंद संस्थान द्वारा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा नगरीय प्रशासन विभाग के सहयोग से प्रदेश के दस हजार से अधिक स्थानों पर 14 से 28 जनवरी तक आनंद उत्सव 2026 का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में बैतूल जिले के आनंद ग्राम सिमोरी में आनंद उत्सव के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली के माध्यम से गांव में घर-घर जाकर लोगों से आनंद उत्सव में सहभागी बनने की अपील की गई। रैली के दौरान घर-घर से आना है आनंद उत्सव मनाना है, 17 जनवरी आनंद उत्सव, आनंद ग्राम सिमोरी जैसे नारों से ग्रामीणों को प्रेरित किया गया। ताप्ती आनंद क्लब के शैलेंद्र बिहारिया और ग्राम सचिव बलराम पवार ने बताया कि आनंद उत्सव में रस्सा कसी, बोरा दौड़, गेड़ी दौड़, नृत्य, नाटक, कुर्सी दौड़, गुंडी दौड़, भाला फेंक, तीरंदाजी और गोला फेंक जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी, जिनमें महिलाएं और पुरुष दोनों भाग लेंगे।

# स्वच्छता रैंकिंग में बेहतर स्थान के दावे, सिविल वर्क के बिना खोखले

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 16 जनवरी. नगरपालिका का दावा है कि बेहतर रैंकिंग के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं, लेकिन यह दावे सिविल वर्क के बिना खोखले नजर आ रहे है।**

**नपा का केवल साफ-सफाई पर फोकस**

**शौचालयों सहित सड़कों की दुर्दशा पर नहीं हो रहा काम**



इसका कारण यह भी है कि सिविल वर्क के साथ-साथ शहर को स्वच्छ रखने के लिए ठोस और स्थायी व्यवस्था नहीं बनाई है। लोगों का आरोप है कि स्वच्छता अभियानों के नाम पर सिर्फ पैसे खर्च किए जा रहे हैं, जबकि वार्डो में नालियां खुली है। कई नाले कच्चे है। नालों में कचरा दिखाई दे रहा है। सार्वजनिक शौचालय जो वर्षो पहले बने थे, वह अब जीर्णशीर्ण अवस्था में पहुंच गये है, तो वहीं सड़के और वार्डो की गलियां घूमते आवारा मवेशी की पनाहगार बन चुकी है। चौक - चौराहों पर सौंदर्यीकरण का कार्य अभी शुरू ही हुआ है। ऐसे में केवल सुबह-शाम सड़क और गलियों की साफ-सफाई के आधार पर बहुत ज्यादा अंक और बेहतर रैंकिंग मिलने की उम्मीद करना बेमानी होगी।

बताया जा रहा है कि खुले में शौच व लघुशंका की रोकथाम, सुसज्जित सार्वजनिक और सामुदायिक शौचालय, मूत्रालय और स्कूलों में शौचालय व्यवस्था जैसे बिंदुओं पर 1000 अंक तय किए हैं। वहीं गीले कचरे का प्रसंस्करण, अपशिष्ट संग्रह, निपटान, पुन: उपयोग, स्कूलों में अपशिष्ट प्रबंधन, डंप साइट सुधार और लैंडफिल की स्थिति जैसे बिंदुओं पर कुल 1500 अंक मिलेंगे। इसके अलावा घरों और नाले से निकलने वाले गंदे पानी को साफ करने के लिए सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट भी होना चाहिए। जानकार बताते है कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में पहली बार गलत जानकारी देने या कार्यों में कमी पाए जाने पर निगेटिव मार्किंग का प्रावधान किया गया है।

स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर हमारी तैयारी चल रही है। वार्डो और बाजारों में सुबह-शाम सफाई हो रही है। ट्रेंचिंग ग्राउंड भी व्यवस्थित कराया जा रहा है, जो शौचालय खराब और क्षतिग्रस्त है, उनके रिनोवेशन के लिए जानकारी विभाग के अधिकारियों को दी गई है।
**- संतोष धनेलिया,** स्वच्छता प्रभारी, नगरपालिका बैतूल

### कई मापदंडो पर तय होती है रैंकिंग

स्वच्छता सर्वेक्षण में केवल साफ-सफाई ही नहीं देखी जाती है, बल्कि और भी कई मापदंडों पर खरा उतरना होता है। शहर की साफ-सफाई के अलावा चौक-चौराहों का सौंदर्यीकरण, उपयोग किए गए पानी का प्रबंधन, कचरे का प्रबंधन, स्वच्छता को लेकर लोगों की जागरूकता, नागरिकों का फीडबैक सहित अन्य कई कसौटियां पर खरा उतरने के बाद ही ज्यादा से ज्यादा अंक प्राप्त होते हैं। बैतूल में वैसे तो साफ-सफाई भी इतनी उम्दा नहीं है, जिसे 100 में से 100 अंक दिए जा सकें। इसके अलावा अन्य व्यवस्थाओं के तो और भी हाल-बेहाल है। स्वच्छता सर्वेक्षण में अच्छे अंक के लिए शहर के सभी नाले पिचिंग वाले होने चाहिए।

### जल्द नहीं किया सुधार तो बिगड़ सकती है रैंकिंग

स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर जारी गाइडलाइन के अनुसार नगरपालिका ने जल्द ही सुधार नहीं किया तो पिछली बार जो रैंकिंग आई थी, वह भी इस बार शायद ही बरकरार रह पाए। स्वच्छता सर्वेक्षण का कार्य एक साल पीछे चल रहा है। वर्ष 2025 में जो सर्वेक्षण होना था, वह अभी तक नहीं हुआ है। अब कहीं इस सर्वेक्षण की गाइड लाइन आई है। हालांकि उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही यह सर्वेक्षण हो जाए। सर्वेक्षण तो हो जाएगा, लेकिन बैतूल शहर की बहुत अच्छी स्थिति रहेगी, इसकी उम्मीद किसी को भी नहीं है। राज्य स्तर पर वर्ष 2023 में बैतूल की रैंकिंग 14 थी, जो कि 2024 में भारी गिरावट के साथ 80 पर चली गई थी। इसी तरह राष्ट्रीय स्तर पर 2023 में बैतूल की रैंकिंग 54 थी जो कि 2024 में 67 पर पहुंच गई थी।

## खम्बारा टोल पर आईटी ने मारी रेड, दिनभर खंगाले रिकार्ड



**मुलताई।** नेशनल हाईवे नागपुर रोड पर मुलताई की सीमा में स्थित खंभारा टोल प्लाजा पर शुक्रवार को आयकर विभाग की संयुक्त टीम ने छापा मार कार्रवाई की है। महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के आयकर अधिकारियों की टीम चार वाहनों से खम्बारा टोल प्लाजा पहुंची। उन्होंने टोल संचालन से संबंधित दस्तावेजों और रिकार्ड की जांच शुरू की। जिससे टोल प्लाजा पर हड़कंप मच गया। बताया जाता यह कार्रवाई मध्य प्रदेश आयकर विभाग के वरिष्ठ अधिकारियो के नेतृत्व में की जा रही है। अधिकारियो की टीम द्वारा टोल प्लाजा के कर्मचारियों से विभिन्न पर पूछताछ कर रही है। वहीं आय-व्यय के रिकॉर्ड, टोल वसूली, नकदी प्रबंधन और इलेक्ट्रॉनिक डेटा की गहन जांच शामिल है। छापेमारी की खबर फैलते ही टोल प्लाजा पर अफरा-तफरी मच गई और कुछ समय के लिए वाहनों की आवाजाही भी प्रभावित हुई। बताया जाता है आयकर विभाग की टीम जैसे ही टोल पर पहुंची तो उनके साथ पुलिस बल नहीं था, जिससे टोल पर कार्य कर रहे कर्मचारियों ने आपत्ति ली और आयकर टीम और टोल कर्मचारियों के बीच बहस भी हुई। लेकिन आयकर अधिकारियों ने अपनी वैधानिक प्रक्रिया का हवाला देते हुए जांच जरूर रखी। सूत्र बताते है टोल संचालन करने वाली कंपनी के सभी ठिकानो एवं कार्यालयों पर आयकर विभाग द्वारा वित्तीय अनियमितताओं से संबंधित शिकायतों के आधार पर जांच की जा रही है। हालांकि, अधिकारियों ने अभी तक इस कार्रवाई पर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। जांच किस विशिष्ट बिंदु पर केंद्रित है, यह भी स्पष्ट नहीं हों पाया है। आयकर विभाग की टीम द्वारा सुबह साढ़े 7 बजे के बाद से लगातार जांच की जा रही है। समाचार लिखें जाने तक जांच जारी थी।

## आबकारी टीम ने पकड़ी 169 .2 बल्क लीटर शराब



**मुलताई।** पवित्र नगरी में शासन द्वारा शराब बंदी किए जाने के बाद कुछ शराब तस्कर बाहर से शराब लाकर बेच रहे है।अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने को लेकर कलेक्टर नरेंद्र सूर्यवंशी के आदेशानुसार एवं जिला आबकारी अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह च ?ार के निर्देशन में आबकारी टीम द्वारा शुक्रवार की दोपहत आरोपी आशीष पिता प्रवीण कालबंडे उम्र 36 वर्ष निवासी सुभाष वार्ड मुलताई के घर से 19 पेटी शराब में 2 पेटी देशी मदिरा प्लेन, 10 पेटिया देशी मदिरा मसाला, 7 पेटी 8 पीएम विस्की अवैध मदिरा जब्त की गई। टीम द्वारा कुल 169.2 बल्क लीटर अवैध शराब जप्त कर म.प्र. आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34(1)(क) एवं 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। आबकारी वृत्त मुलताई प्रभारी राजेश वट्टी ने बताया जप्त मदिरा की कुल अनुमानित क़ीमत 1 लाख 11 हजार 720 रुपए है। उक्त कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी लीलासिंह मुकाती, मुलताई वृत्त प्रभारी उपनिरीक्षक राजेश वट्टी ,भैसदेही वृत्त प्रभारी पंकज लोखण्डे, शाहपुर वृत्त प्रभारी पूजा मालवीय,आठनेर वृत्त प्रभारी जूथिका वर्मा एवं अन्य स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

## कृषि उपज मंडी में 17 जनवरी को होगा हिंदू सम्मेलन

**मुलताई।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर संगठन द्वारा भारत माता को परम वैभव के शिखर पर पुनर्स्थापित करने संपूर्ण देश में हिंदू सम्मेलनो का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन मंडल एवं बस्ती स्तर पर हो रहे हैं। इसी श्रृंखला में मुलताई नगर में चार स्थानो पर हिंदू सम्मेलन का आयोजन हो चुका है। अब संपूर्ण नगर के विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन शिवाजी बस्ती द्वारा 17 जनवरी शनिवार को कृषि उपज मंडी प्रांगण पर किया जा रहा है। कार्यक्रम संपूर्ण नगर के हिंदू सम्मेलन का पूर्णाहुति कार्यक्रम रहेगा। इसमें नगर की चारों बस्तियों से कलश यात्रा, शोभायात्रा एवं झांकियां निकाली जाएगी। कलश यात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से चलकर कृषि उपज मंडी प्रांगण पहुंचेगी। जहां मंच पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। वंदे मातरम गीत का गायन होगा उसके बाद मध्यभारत के प्रांत कार्यवाह हेमंत सेठिया का उद्बोधन प्राप्त होगा। उद्बोधन के पश्चात भारत माता की भव्य आरती की जाएगी। कार्यक्रम के अंत में समरसता भोज का आयोजन रहेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मातृशक्ति, धार्मिक एवं सामाजिक संगठन घर-घर जाकर अक्षत एवं निमंत्रण पत्र देकर कार्यक्रम में सभी नगरवासियों को आमंत्रित कर रहे हैं।

## छिंदखेड़ा में हिन्दू सम्मेलन का हुआ आयोजन



**मुलताई।** प्रभात पट्टन ब्लॉक के ग्राम छिंदखेडा में शुक्रवार को हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया है। सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए देवराज लोखंडे ने कहा हम भारतीय हैं हमे अपनी संस्कृति पर गर्व है कि जिसके सामने विदेशी भी माथा टेकते हैं। पाश्चात्य संस्कृति से जुड़कर हम अपने संस्कार खोते जा रहे हैं चाह रखो तो सिर्फ देश के प्रति अपने सभ्य संस्कृति के प्रति नव युवकों को वेशभूषा भजन भोजन हमें अपनी संस्कृति के अनुसार करना होगा सकल हिंदू समाज को संगठित और एक रहना होगा जात-पात की करो विदाई हम सब हिंदू भाई-भाई जागो तो एक बार हिंदू जागो तो अगर देश में कोई प्राचीन सभ्यता है तो वह सनातन धर्म की सभ्यता सनातन था है और रहेगा सनातन धर्म कभी खत्म नहीं हो सकता. हिंदू सम्मेलन मासोद खंड के छिंदखेडा व खेड़ीकोर्ट मंडल पर हिंदू सम्मेलन किया गऐ जिसमे सकल हिंदू समाज के बच्चे बुजुर्ग व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे.कार्यक्रम की शुरुआत गौ पूजन के साथ , कलश यात्रा व शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें भारतीय सेना के जवान भारत माता राम सीता हनुमान की झांकी आकर्षण रही।

## उत्तर भारतीय नेताओं को कांग्रेस में प्रतिनिधित्व दिये जाने की मांग

**सारनी।** नपा क्षेत्र में उत्तर भारतीयों को कांग्रेस पार्टी में प्रतिनिधित्व दिये जाने की मांग जोर पकड़ रही है। इस क्षेत्र में उत्तर भारतीयों की जनसंख्या 20 हजार से भी अधिक है। कांग्रेस कमेटी ने आज तक उत्तर भारतीय को ब्लाक अध्यक्ष नहीं बनाया है, वहीं दूसरी तरफ भाजपा संगठन ने कई बार उत्तर भारतीय को मंडल अध्यक्ष बनाया है। इतना ही नहीं उत्तर भारतीय नपा अध्यक्ष भी बन चूका है। कांग्रेस नेता मिथलेश सिंह ने कहा कि सारनी, पाथाखेड़ा शोभापुर एवं बागडोना में उत्तर भारतीय की जनसंख्या अच्छी खासी है। चुनावों में उत्तर भारतीय उलट फेर करने मे अहम भूमिका निभाते है। इसके बावजूद भी कांग्रेस पार्टी ने आज तक उत्तर भारतीय नेताओं को ब्लाक अध्यक्ष बनाने को रूचि नहीं दिखाई है, उन्होंने कहा कि उत्तर भारतीय को ब्लाक अध्यक्ष बनाने से आगामी चुनावों मे फायदा मिल सकता है। श्री सिंह ने कहा कि नपा क्षेत्र में 20 से 30 हजार मतदाता उत्तर भारतीय है। ऐसे मे कांग्रेस से जुड़े उत्तर भारतीय नेताओं को प्रतिनिधित्व दिये जाने पर विचार करने की जरूरत है। उत्तर भारतीय नेताओं का एक प्रतिनिधि मंडल जिला कांग्रेस अध्यक्ष निलय डागा एवं प्रदेश उपाध्यक्ष सुखदेव पांसे से मुलाकात कर कांग्रेस से जुडे सक्रिय नेताओं को प्रतिनिधित्व देने की मांग करेंगे।

## एसडीएम ने 50 वर्ष पुराने अवैध कब्जे को हटवाया



**आमला।** ग्राम देहलवाड़ा में बीते करीब 50 वर्षों से जमे अवैध कब्जे को संज्ञान में लेते हुए एसडीएम शैलेन्द्र बड़ोनिया ने मात्र डेढ़ माह के भीतर बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई को अंजाम दिया। कब्जाधारक द्वारा गांव के आवागमन के सार्वजनिक रास्ते को रोककर वहां खेती की जा रही थी, जिसके चलते गांव के लगभग 40 किसानों का खेतों तक आना-जाना पूरी तरह बंद हो गया था। ग्रामीणों के अनुसार यह रास्ता वर्षों से गांव और खेतों को जोड़ने का प्रमुख माध्यम था, लेकिन अवैध कब्जे के कारण किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। कई बार स्थानीय स्तर पर शिकायतें की गईं, लेकिन समाधान नहीं हो पाया। किसानों ने दिसंबर माह में एसडीएम कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा, जिसमें सार्वजनिक मार्ग को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की गई थी। एसडीएम शैलेन्द्र बड़ोनिया ने मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित जांच कराई और कार्रवाई का प्रस्ताव तैयार किया। सभी कानूनी प्रक्रियाएं पूरी करने के बाद प्रशासन एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने जेसीबी मशीन की मदद से अवैध कब्जा हटाकर रास्ता पुन: बहाल कराया। जैसे ही रास्ता खुला, किसानों ने राहत की सांस ली और वर्षों पुरानी समस्या का समाधान हुआ।इस प्रभावी कार्रवाई से उत्साहित ग्रामीणों ने बुधवार को एसडीएम कार्यालय पहुंचकर शैलेन्द्र बड़ोनिया का आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने उन्हें मिठाई खिलाकर धन्यवाद दिया और कहा कि यह कार्रवाई प्रशासन की संवेदनशीलता और त्वरित निर्णय क्षमता का उदाहरण है।

## गुणवत्ता पर सवाल, बिना मजबूती डाला जा रहा कांक्रीट



**आमला।** देशभर के रेलवे स्टेशनों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करने के उद्देश्य से शुरू की गई अमृत रेलवे स्टेशन योजना के तहत आमला रेलवे स्टेशन पर भी लगभग 33 करोड़ के चल रहे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। मालगोदाम साइड पर चल रहे निर्माण कार्य में मानकों की खुलेआम अनदेखी किए जाने के आरोप सामने आए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मालगोदाम क्षेत्र में नाली निर्माण का कार्य किया जा रहा है, लेकिन यहां नाली के बेस को बिना पर्याप्त मजबूती दिए सीधे कंक्रीट डाला जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि कंक्रीट डालते समय वाइब्रेटर मशीन का उपयोग नहीं किया जा रहा, जबकि किसी भी आरसीसी या कंक्रीट संरचना में मजबूती और टिकाऊपन के लिए वाइब्रेशन अनिवार्य माना जाता है। बिना वाइब्रेशन के डाला गया कंक्रीट अंदर से खोखला रह जाता है, जिससे भविष्य में दरारें, धंसाव और टूट-फूट की आशंका बढ़ जाती है। स्थानीय लोगों और जानकारों का कहना है कि जिस तरह से जल्दबाजी में और तकनीकी मानकों को ताक पर रखकर निर्माण किया जा रहा है, उसे देखकर ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि इस नाली और अन्य संरचनाओं की आयु कितनी सीमित होगी। योजना का उद्देश्य जहां दीर्घकालीन और मजबूत आधारभूत संरचना तैयार करना है, वहीं मौके पर हो रहा कार्य इसके बिल्कुल विपरीत नजर आ रहा है।सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि करोड़ों रुपये की लागत से चल रही इस योजना में न तो रेलवे के जिम्मेदार इंजीनियरों की सख्त निगरानी दिखाई दे रही है और न ही ठेकेदार द्वारा गुणवत्ता पर ध्यान दिया जा रहा है। यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगाई गई तो आने वाले समय में रेलवे को फिर से मरम्मत पर भारी खर्च उठाना पड़ सकता है।स्थानीय नागरिकों ने रेलवे प्रशासन से मांग की है कि अमृत योजना के अंतर्गत हो रहे सभी कार्यों की तकनीकी जांच कराई जाए और निर्माण कार्य को मानक अनुसार दोबारा कराया जाए, ताकि अमृत नाम की इस योजना में घटिया निर्माण का जहर न घुलने पाए।

## महाविद्यालय भैंसदेही में रोजगार मेला 21 को

**बैतूल।** मध्य प्रदेश शासन के तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग के संयुक्त तत्वावधान में युवा संगम के तहत 21 जनवरी को प्रात: 11 से 4 बजे तक शासकीय महाविद्यालय भैंसदेही में रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी एवं शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के प्राचार्य को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। रोजगार मेले में 14 कंपनियों द्वारा विभिन्न पदों पर अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि वर्धमान फैब्रिक्स प्राइवेट लिमिटेड बुदनी में मशीन ऑपरेटर के 100 पदों, आयशर सीआईआई कौशल विकास पीथमपुर में ट्रेनी वर्कर के 100 पदों, कुलोदय टेक्नोपैक प्राइवेट लिमिटेड दमन गुजरात में मशीन ऑपरेटर मैकेनिक हेल्पर के 100 पदों, प्रथम एजुकेशन फाऊंडेशन भोपाल में ट्रेनी वर्कर के 50 पदों तथा ट्राईटेंट प्राइवेट लिमिटेड बुदनी में मशीन ऑपरेटर के 100 पदों के लिए योग्यता 8वीं, 10वीं, 12वीं, आईटीआई होना आवश्यक है। इसी प्रकार यशस्वी ग्रुप भोपाल में अप्रेंटिस के 50 पदों तथा क्वेस कॉर्प बैंगलोर में अप्रेंटिस के 50 पदों के लिए योग्यता 12वीं, आईटीआई डिप्लोमा होना जरूरी है। सिपेट भोपाल में मशीन ऑपरेटर ट्रेनी के 50 पद तथा अंबुजा सीमेंट प्राइवेट लिमिटेड छिंदवाड़ा में मशीन ऑपरेटर, ट्रेनी के 40 पदों के लिए योग्यता 10वीं, 12वीं, आईटीआई डिप्लोमा होना आवश्यक है। फुटवियर डिजाइनर एवं डेवलपमेंट छिंदवाड़ा में ट्रेनी वर्कर के 50 पद के लिए योग्यता 10वीं, 12वीं, आईटीआई और शक्ति मोटर्स मूलतापी प्राइवेट लिमिटेड मुलताई में सेल्स एग्जीक्यूटिव, सेल्स मैनेजर, मैकेनिक के 25 पदों के लिए योग्यता 8वीं से स्नातकोत्तर होना अनिवार्य है। टैलेंट कॉर्प सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड नागपुर में अप्रेंटिस के 50 पदों के लिए योग्यता 10वीं 12वीं आईटीआई स्नातक तथा भारतीय जीवन बीमा निगम प्राइवेट लिमिटेड में बीमा सखी, ग्रामीण बीमा अभिकर्ता के 50 पदों के लिए योग्यता 12वीं से स्नातक एवं आरएफएमआई ग्रुप बैतूल में ऑफिस, फील्ड वर्क, मार्केटिंग, टेलीकॉलिंग के 50 पदों के लिए योग्यता 10वीं 12वीं स्नातक होना आवश्यक है।

## विश्वकर्मा बढ़ई समाज समिति का सामूहिक हल्दी-कुमकुम 18 को

**बैतूल।** विश्वकर्मा बढ़ई समाज समिति जिला बैतूल के तत्वावधान में आगामी 29, 30 और 31 जनवरी को आयोजित होने वाले तीन दिवसीय भगवान विश्वकर्मा जी के जयंती महोत्सव का शुभारंभ 18 जनवरी दिन रविवार को महिलाओं के सामूहिक हल्दी-कुमकुम कार्यक्रम से किया जाएगा। यह कार्यक्रम दोपहर 1 बजे से विश्वकर्मा मंदिर बैतूल में आयोजित होगा। समिति के महिलामंडल की जिला अध्यक्ष अर्चना बल्लू मालवी ने जानकारी देते हुए बताया कि हल्दी-कुमकुम कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और महिलाओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां भी सौंप दी गई हैं। उन्होंने जिले भर की सामाजिक बहनों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। महिला मंडल ने यह भी बताया कि इच्छुक महिलाएं गायन और नृत्य जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग ले सकती हैं। कार्यक्रम में भाग लेने वाली महिलाओं को अपने नाम दोपहर 12 बजे तक अर्चना मालवी, कविता उमाकांत मालवी, ज्योति धर्मराज मालवी एवं अलका रानू मालवी के पास दर्ज कराना होगा। समिति के अनुसार यह हल्दी-कुमकुम कार्यक्रम ऐतिहासिक रूप से मनाया जाएगा। विश्वकर्मा बढ़ई समाज समिति युवा मंच एवं महिलामंडल ने समस्त सामाजिक महिलाओं से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पधारने की अपील की है।

## क्रिकेट प्रतियोगिता : सुपर 8 में पहुंची ऐबी कंस्ट्रक्शन




**सारनी।** राज्य स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट में ऐ बी कंस्ट्रक्शन टीम ने सुपर आठ मे जगह बना ली है। सुपर आठ मे पांच टीमें पहुंच गई है। पहला मैच आरटीएच पाथाखेड़ा व पीएलएस बगडोना के बीच खेला गया, जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए पी एल एस ने 10 ओवर में 5 विकेट खोकर 101 रन बनाएं 102 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आर टी एच ने 9 वे ओवर के चलते छह विकेट खोकर 102 रन बनाकर चार विकेट से जीत लिया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच बाचा बने. दूसरा मैच ऐ वी कंस्ट्रक्शन पाथाखेड़ा व सेंट फ्रांसिस क्रिकेट क्लब सारणी के बीच खेला गया, जिसमें ऐवी कंस्ट्रक्शन पाथाखेड़ा ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया पहले बल्लेबाजी करते हुए ऐ वी कंस्ट्रक्शन ने 10 ओवर में चार विकेट खोकर 154 रन बनाएं 155 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सेंट फ्रांसिस क्रिकेट क्लब सारणी ने 10 ओवर में 9 विकेट खोकर महज 58 रन ही बना पाई और यह मैच 97 रनों से हार गई इस मैच के मैन ऑफ द मैच ऐ वी कंस्ट्रक्शन के विक्रम, जिन्होंने 29 गेंदों पर 58 रन की पारी खेल कर मैन ऑफ द मैच बने। तीसरा मैच ऐवी कंस्ट्रक्शन व आरटीएच के बीच सुपर 8 के लिए खेला गया खेला गया। ऐवी कंस्ट्रक्शन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया पहले बल्लेबाजी करते हुए ऐ वी कंस्ट्रक्शन ने 10 ओवर में चार विकेट खोकर 155 रन बनाएं 156 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आर टी एच ने 10 ओवर में 7 विकेट खोकर महज 90 रन ही बना पाई यह मैच 65 रनों से हार गई। मैन ऑफ द मैच लखबीर जिन्होंने 21 गेंद पर 46 रनों की पारी खेली।